भर्ती हेतु सूचना

सलाहकार– जन स्वास्थ्य नियोजन

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। ये पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, सह–निर्माण कर सकते हैं और उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर सलाहकार– जन स्वास्थ्य नियोजन की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- राज्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की प्राथमिकताओं को दर्शाने के लिए जिला और राज्य स्वास्थ्य योजनाओं को तैयार करने और उनका मूल्यांकन करने में सहयोग करना।
- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी सहायता और विकेन्द्रीकृत कार्यक्रम प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण में राज्यों की सहायता करना।
- विभिन्न राज्यों के संदर्भ में स्वास्थ्य प्रणालियों में उभरती चुनौतियों का पता लगाना और इनके समाधान के लिए रणनीतियां तैयार करना।
- महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य प्रणाली के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करना, मूल्यांकन अध्ययनों का समन्वय और डिजाइन करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 से संबंधित जन स्वास्थ्य नियोजन के कार्यान्वयन एवं मूल्यांकनों में सहयोग करना।
- जिला और उप जिला स्तर पर बाधाओं की पहचान करने के लिए त्वरित समीक्षाएं एवं मूल्यांकन करना, जिलों और अंतर–राज्यीय चुनौतियों की पहचान करना और उनके लिए आम समाधानों का सुझाव देना।

- राज्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाना और एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों के साथ मिलकर उनके विश्लेषण, अभिलेखन के लिए कार्य करना और विस्तार में सहयोग करना।
- राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को शुरू करने में सहयोग करने के लिए फील्ड आधारित साक्ष्य और कार्यान्वयन सीखें उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में कार्यक्रम और नीति प्रभागों के साथ मिलकर कार्य करना।
- नीतियों से संबंधित सभी पहलों में स्वास्थ्य के नोडल हब के रूप में कार्य करना।
- भर्ती शर्तों/सूचना को तैयार करने, प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित करने और भर्ती/चयन आदि को सुविधाजनक बनाने सहित, राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता इनपुट जुटाना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रणनीतियों के अनुमान, नियोजन और स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधारों को तैयार करने में सहायता करना।
- कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- जन स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य/निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट उपाधि।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- सेवा प्रदायगी के नियोजन और कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 15 वर्षों का कार्य अनुभव।
- नीति और/या फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने के प्रदर्शित अनुभव सहित, नियोजन और रणनीति विकास में प्रदर्शित अनुभव
- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता; किसी एक कम्प्यूटरीकृत लेखा पैकेज का ज्ञान अत्यंत वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता
- केंद्रीय और या राज्य स्तर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ काम करने का अनभव।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 60 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अधिक यात्रा। एक महीने में लगभग 50 प्रतिशत समय तक यात्रा करनी हो सकती है।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 1,90,000/– रु. तक

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24 सितंबर, 2017 को अपराह्न 4 बजे तक** recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया

जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।